INFUSION NOTES

WHEN ONLY THE BEST WILL DO

MPPSC-PCS

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

प्रारंभिक परीक्षा हेतु

भाग – 4

भारत और मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था

<u>प्रस्तावना</u>

*प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स "**MPPSC -PCS (Madhya Pradesh Public Service Commission) (प्रारंभिक परीक्षा हेतु)**" को एक विभिन्न अपने अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है / ये नोट्स पाठकों को **मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC)** द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा "**संयुक्त राज्य / अपर अधीनस्थ सेवा (PCS)**" भर्ती परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगें /*

अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती हैं / अतः आप सूचि पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं/

प्रकाशकः

INFUSION NOTES

जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)

मो : 9887809083

ईमेल : contact@infusionnotes.com

वेबसाइट : http://www.infusionnotes.com

WhatsApp करें - https://wa.link/yqtoiy

Online order करें - https://bit.ly/3AAJwpU

मूल्य : ₹	**संस्करण : नवीनतम**

भारत की अर्थव्यवस्था		
1.	अर्थव्यवस्था का परिचय • अर्थव्यवस्था के प्रकार • अर्थव्यवस्था के क्षेत्र	1
2.	राष्ट्रीय आय • शुद्ध घरेलू उत्पाद • राष्ट्रीय आय की माप • हरित राष्ट्रीय आय • राष्ट्रीय सांख्यिकीय आयोग • भारत में राष्ट्रीय आय का वितरण	3
3.	आर्थिक नियोजन • भारत में पंचवर्षीय योजना • पंचवर्षीय योजनाओं का अवलोकन • योजना आयोग का इण्डिया विजन, 2020 • आर्थिक विकास में सरकार की भूमिका • नीति आयोग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम	11
4.	सामाजिक क्षेत्र • गरीबी • बेरोजगारी एवं असमानता • स्वास्थ्य सेवा • नई शिक्षा नीति	19
5.	बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थाएं • भारत में बैंकिंग • रिज़र्व बैंक, वाणिज्यिक बैंक, • गैर बैंकिंग वित्तीय संस्थाएं • वित्तीय समावेशन	33
6.	राजकोषीय एवं मौद्रिक नीतियाँ	53
7.	सेबी • वित्तीय बाजार • शेयर बाजार	56

	• स्टॉक एक्सचेंज	
8	वस्तु एवं सेवा कर (GST) • GST के प्रकार एवं प्रभाव	62
9	कृषि एवं नवीन प्रवृत्तियां • प्रमुख फसलें एवं नवीन प्रवृत्तियां • हरित क्रांति एवं प्रभाव	66
10	उद्योग एवं नवीन प्रवृत्तियां • औद्योगिक नीति, 1948, 1956, 1991 • औद्योगिक वित्त • प्रमुख उद्योग • उदारीकरण, निजीकरण ,वैश्वीकरण	73
11	भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्र • सेवा क्षेत्र	85
12	बजट • बजट के प्रकार • बजट निर्माण प्रक्रिया • बजट 2023-24	86
13	भारत की विदेशी व्यापार की नीतियाँ • G – 20 • सार्क • <u>SAFTA</u> • आसियान • विश्व व्यापार संगठन	97
	मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था	
1	मध्य प्रदेश की जनसंख्या व मानवीय संसाधन • मध्य प्रदेश जनसंख्या नीति • शिक्षा, स्वस्थ्य, एवं कौशल • अर्थव्यवस्था पर जनसंख्या का प्रभाव	100

	• जनसंख्या वृद्धि के परिणाम	
2	मध्यप्रदेश अर्थव्यवस्था के नवीनतम बिंदु • भारतीय अर्थव्यवस्था में MP की वर्तमान स्थिति • सतत विकास लक्ष्यों में मध्यप्रदेश की प्रगति • आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश • एक जिला एक उत्पाद (ODOP) • मध्य प्रदेश में बौद्धिक सम्पदा अधिकारों की प्रगति	104
3	मध्य प्रदेश का आर्थिक विकास • राज्य का आर्थिक वर्गीकरण • कृषि, उद्योग • MSME एवं अधोसंरचना का विकास • अनुसूचित जातियाँ एवं जनजातियाँ • जनजातियों से सम्बंधित संवैधानिक प्रावधान • जनजातियों की भाषा, कलाएं, त्यौहार, उत्सव, बोली एवं साहित्य • प्रमुख जनजातीय व्यक्तित्व, प्रमुख संस्थान, संग्रहालय एवं प्रकाशन • मध्य प्रदेश की योजनाएँ एवं कल्याणकारी कार्यक्रम • जनजातियों के लिए कल्याणकारी योजनायें	112

अध्याय – 1

अर्थव्यवस्था का परिचय

परिचयः-

- Economics (अर्थशास्त्र) शब्द एक Greek word ' Oikonomia ' से उत्पन्न हुआ है ।
- Oikonomia शब्द Oikos and Nomos दो शब्दों से मिलकर बना है।
- Oikos का अर्थ गृह अथवा परिवार जबकि Nomos का का अर्थ है प्रबंधन । अर्थात् Oikonomia गृह प्रबंधन की प्रक्रिया के अध्ययन से संबंधित है ।

अर्थशास्त्र और अर्थव्यवस्था में अंतर?:-

अर्थशास्त्र	अर्थव्यवस्था
अर्थशास्त्र के अंतर्गत विषय और सिद्धांतों का अध्ययन किया जाता है	अर्थव्यवस्था के अंतर्गत व्यवहार का अध्ययन किया जाता है।
अर्थशास्त्र केवल अध्ययन का क्षेत्र है	अर्थव्यवस्था निष्पादन (Execution) की भूमिका निभाती है।
अर्थशास्त्र के पिता एडम स्मिथ को माना जाता है इनकी किताब (The Wealth of nations) मे अर्थव्यवस्था का विस्तार किया है।	जब हम किसी देश को उसकी समस्त आर्थिक क्रियाओं के संदर्भ में परिभाषित करते है तो उसे अर्थव्यवस्था कहते हैं ।
अर्थशास्त्र की दो शाखाएँ हैं- (i) व्यष्टि अर्थशास्त्र (Micro economics) (ii) समष्टि अर्थशास्त्र (Macro economics)	अर्थव्यवस्था को तीन भागों में बांटा गया है पूँजीवादी अर्थव्यवस्था, समाजवादी अर्थव्यवस्था और मिश्रित अर्थव्यवस्था।
	अर्थव्यवस्था किसी देश या क्षेत्र विशेष में अर्थशास्त्र के व्यावहारिक स्वरूप को प्रदर्शित करती है जैसे भारतीय अर्थव्यवस्था चीनी अर्थव्यवस्था एवं अमेरिकी अर्थव्यवस्था इत्यादि ।

अर्थशास्त्र की शाखाएँ (Branches of economic)

- अर्थशास्त्र की दो शाखाएँ है, जो निम्नलिखित है-

(i) व्यष्टि अर्थशास्त्र (Micro economics)

(ii) समष्टि अर्थशास्त्र (Macro economics)

अर्थव्यवस्था के प्रकारः-

A. पूँजीवादी अर्थव्यवस्था (Capitalist Economy):-

- जिस अर्थव्यवस्था में उत्पादन के साधनों पर निजी स्वामित्व पाया जाता है तथा वस्तुओं एवं सेवाओं का उत्पादन निजी लाभ के लिए किया जाता है उसे पूँजीवादी अर्थव्यवस्था कहते हैं।
- अर्थात् यहाँ आर्थिक गतिविधियों पर सरकार का न्यूनतम नियंत्रण होता है तथा निजी क्षेत्र अधिक प्रभावकारी एवं स्वतंत्र होता है।
- एडम स्मिथ की 'दा वेल्थ ऑफ़ नेशन' पूँजीवाद को दार्शनिक आधार प्रदान करता है।
- अमेरिका समेत पश्चिमी यूरोपीय देश पूँजीवाद के समर्थक हैं।

B. समाजवाद अर्थव्यवस्था

- उत्पादन एवं वितरण के सामूहिक नियंत्रण पर बल देता है।
- राज्य द्वारा विनियमित निजी क्षेत्र की भूमिका से लोक कल्याण के उद्देश्य की प्राप्ति।
- भारत,बांग्लादेश,ब्राजील,समेत विकासशील अधिकांश देश समाजवाद के समर्थक हैं।
- बौद्ध और जैन धर्म का अस्तेय आवश्यकता से अधिक संसाधनों के एकत्रीकरण का विरोध करता है, जो समाजवाद की अवधारणा के अनुकूल है।
- अशोक के शिलालेखो से लोक कल्याणकारी राज्य के संदर्भ में जानकारी प्राप्त होती है, वहीं रुद्रदामन का जूनागढ़ अभिलेख सुदर्शन झील के निर्माण के संदर्भ में प्रमाण देता है।
- इसी प्रकार मध्यकाल में फिरोजशाह तुगलक द्वारा नहरों का निर्माण, बेरोजगारों के लिए पेंशन जैसी समाजवादी योजनाओं की जानकारी प्राप्त होती है।

C. मिश्रित अर्थव्यवस्था (Mixed Economy) :-

- यहाँ, उत्पादन की कुछ योजनाएँ राज्य द्वारा सीधे या इसके राष्ट्रीयकृत उद्योगों के माध्यम से शुरू की जाती है, और कुछ को निजी उद्यम के लिए छोड़ दिया जाता है।
- इसका अर्थ है कि समाजवादी क्षेत्र (यानी सार्वजनिक क्षेत्र) और पूँजीवादी क्षेत्र (यानी निजी क्षेत्र) दोनों एक-दूसरे के साथ हैऔर एक-दूसरे के पूरक है।
- इसे बाजार की अर्थव्यवस्था और समाजवाद के बीच आधे घर के रूप में वर्णित किया जा सकता है।
- मिश्रित अर्थव्यवस्था में, सार्वजनिक और निजी दोनों संस्थान आर्थिक नियंत्रण का प्रयोग करते हैं। इसलिए, इस प्रकार कीअर्थव्यवस्था पूँजीवाद और समाजवाद दोनों के लाभों को सुरक्षित करने का प्रयास करती है।

अर्थव्यवस्था के क्षेत्रकः-

प्राथमिक क्षेत्र (Primary Sector):-

- अर्थव्यवस्था का यह क्षेत्र जहाँ प्राकृतिक संसाधनों को कच्चे तौर पर प्राप्त किया जाता है अर्थात् इसके अंतर्गत

अर्थव्यवस्था के प्राकृतिक क्षेत्रों का लेखांकन किया जाता है प्राथमिक क्षेत्र कहलाता है।

- इसे कृषि एवं सम्बद्ध गतिविधियों से संबंधित क्षेत्र भी कहा जाता है।
- इसमें निम्न क्षेत्र शामिल हैं। जैसे- कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र, मत्स्य पालन, वानिकी, खनन एवं उत्खनन

द्वितीयक क्षेत्र:-

- अर्थव्यवस्था का यह क्षेत्र जो प्राथमिक क्षेत्र से प्राप्त उत्पादों को अपनी गतिविधियों में कच्चे माल (Raw Material) की तरह उपभोग करता है द्वितीयक क्षेत्र कहलाता है।
- इसे औद्योगिक क्षेत्र भी कहा जाता है।
- जैसे- निर्माण, भवन, विनिर्माण, कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएँ।

तृतीयक क्षेत्र (Tertiary Sector):-

- इस क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की सेवाओं का उत्पादन किया जाता है।
- इसलिए इस क्षेत्र को सेवा क्षेत्र भी कहा जाता है; जैसे - व्यापार, होटल, भण्डारण, बीमा, व्यापार।

परीक्षोपयोगी महत्वपूर्ण तथ्य

- भारतीय अर्थव्यवस्था एक मिश्रित अर्थव्यवस्था है जबकि मध्यप्रदेश राज्य की अर्थव्यवस्था कृषि-प्रधान अर्थव्यवस्था है।
- भारत एक विकासशील देश है।
- बंद अर्थव्यवस्था के अंतर्गत आयात एवं निर्यात बिल्कुल संभव नहीं है ।
- खुली अर्थव्यवस्था के अंतर्गत बिना प्रतिबंध के वस्तुओं और सेवाओं का व्यापार होता है ।
- पूँजीवादी अर्थव्यवस्था में वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन स्वतंत्र रूप से होता है ।
- व्यवसायिक बौद्धिक पूँजी के स्वामित्व को ट्रेड मार्क कहा जाता है।
- निर्माण एवं विनिर्माण वित्तीय क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं ।
- कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र,वानिकी मत्स्यन तथा खनन एवं उत्खनन प्राथमिक क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं ।
- वर्ष 1776 में एडम स्मिथ द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'द वेल्थ ऑफ नेशंस' थी ।
- बैंकिंग बीमा चिकित्सा शिक्षा पर्यटन आदि तृतीयक क्षेत्र से संबंधित हैं ।
- भारत में जनसंख्या की अधिकता के कारण यहाँ से आधिक्य की स्थिति रहती है ।

NOTE- अमेरिकी थिंक टैंक वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू ने 2019 की रिपोर्ट के अनुसार भारत अर्थव्यवस्था के मामले में ब्रिटेन और फ्रांस को पीछे छोड़ दुनिया में 5वें नंबर पर आ गया है। वर्ष 2018 में भारत 7वें नंबर पर था।

अभ्यास प्रश्न

1. व्यष्टि अर्थशास्त्र का अर्थ है।
(A) विशिष्ट आर्थिक इकाइयों का अध्ययन।
(B) संपूर्ण अर्थव्यवस्था का अध्ययन
(C) कुल राष्ट्रीय आय का अध्ययन
(D) इनमें से कोई नहीं। **(A)**

2. निम्नलिखित में से किस अर्थव्यवस्था में सामाजिक हित एवं कल्याण को महत्व दिया जाता है?
(A) पूँजीवादी अर्थव्यवस्था में
(B) समाजवादी अर्थव्यवस्था में
(C) मिश्रित अर्थव्यवस्था में
(D) अविकसित अर्थव्यवस्था में **(B)**

3. आधुनिक अर्थशास्त्र के जनक कौन थे?
(A) एडम स्मिथ
(B) जॉन रॉबिंसन
(C) अरस्तु
(D) प्लेटो **(A)**

4. अर्थव्यवस्था के प्राथमिक क्षेत्र (Primary Sector of Indian Economy) में किसे शामिल नहीं किया जाता है?
(A) पशुपालन
(B) होटल
(C) खनन एवं उत्खनन
(D) वन एवं वानिकी **(B)**

5. बंद अर्थवयवस्था (Closed economy) वह अर्थवयवस्था है जिसमे -
(A) मुद्रास्फीति पूर्णतया नियंत्रित होती है
(B) घाटे की वित्त वयवस्था होती है
(C) केवल निर्यात होता है
(D) न तो निर्यात होता है , न आयत होता है **(D)**

6. निम्नलिखित में से असुमेलित की पहचान करे

पुस्तक	लेखक
(A) दास कैपिटल	कार्ल मार्क्स
(B) फ्री ट्रेड टुडे	पी. एन. भगवती
(C) प्लानिंग एण्ड द पुअर	बी. एस. मिन्हास
(D) एशियन ड्रामा	गुर्नार मिर्डाल

(B)

7. अल्पविकसित अर्थव्यवस्था की सामान्यतया विशेषता होती है-
(I) प्रति व्यक्ति निम्न आय
(II) पूँजी निर्माण की निम्न दर
(III) निम्न आश्रितता अनुपात
(IV) तृतीयक क्षेत्र में अधिक कार्यबल शक्ति का होना

अध्याय – 4

सामाजिक क्षेत्र

- **बेरोजगारी (Unemployment)**
- बेरोजगारी उस समय विद्यमान कही जाती है, जब प्रचलित मजदूरी की दर पर काम करने के लिए इच्छुक लोग रोजगार नहीं पाते है।
- या इसे इस तरह से भी समझा जा सकता है कि एक शारीरिक एवं मानसिक रूप से सक्षम व्यक्ति जो काम करने का इच्छुक है लेकिन उसे काम नहीं मिल पाता है।
- बेरोजगारी को समझने के लिए श्रम बल और कार्य बल के बीच अन्तर समझना अति आवश्यक है।
- **श्रम बल**- देश में 15 वर्ष की आयु लेकर 60 वर्ष की आयु तक के लोग श्रम बल के अंतर्गत आते है।
- **कार्य बल** - श्रम बल लोग जिनको कार्य/रोजगार मिल जाता है राष्ट्र का कार्य बल कहलाते है।
- अतः बेरोजगारी को निम्न रूप में भी समझा जा सकता है।
  बेरोजगारी = श्रमबल - कार्यबल
- जब किसी देश में पूर्ण श्रम बल को रोजगार प्राप्त हो जाए अर्थात पूर्ण श्रम बल, कार्य बल में बदल जाये तब देश में पूर्ण रोजगार होगा।
  पूर्ण रोजगार = श्रमबल = कार्यबल

बेरोजगारी का मापन (Measurement of Unemployment)

- बेरोजगारी को मापने के लिए वर्ष 1970 में भगवती समिति बनायी गयी थी। इस समिति की सिफारिशों के आधार पर बेरोजगारी को मापने के लिए तीन तरीके बनाये गये।

दीर्घकालिक बेरोजगारी

- यदि किसी सर्वेक्षण वर्ष में किसी व्यक्ति को 183 दिन (8 घंटे प्रति दिन) रोजगार नहीं मिलता है तो वह व्यक्ति दीर्घकालिक बेरोजगारी के अंतर्गत आता है। वर्तमान में इस 183 दिन के मानक को बदल कर 273 दिन कर दिया गया है।

साप्ताहिक बेरोजगारी

- यदि किसी व्यक्ति को सप्ताह में 1 दिन (8 घंटे) का काम न मिले तो उसे साप्ताहिक बेरोजगारी के अंतर्गत रखा जाता है।

दैनिक बेरोजगारी

- यदि किसी को प्रति दिन आधे दिन (4 घंटे) का काम न मिले तो उसे दैनिक बेरोजगारी के अंतर्गत रखा जाता है।

भारत में बेरोजगारी (unemployment in India)

ग्रामीण बेरोजगारी (Rural Unemployment)	शहरी बेरोजगारी (Urban Unemployment)
1. अदृश्य बेरोजगारी (Disguised Unemployment) 2. मौसमी बेरोजगारी (Seasonal Unemployment)	1. औद्योगिक बेरोजगारी (industrial Unemployment) 2. शिक्षित बेरोजगारी (Educated Unemployment)

शहरी बेरोजगारी (Urban Unemployment)

- औद्योगिक बेरोजगारी (Industrial Unemployment): औद्योगिक बेरोजगारी में वे लोग शामिल होते हैं जो लोग तकनीकी एवं गैर तकनीकी रूप के अन्तर्गत कार्य करने की क्षमता तो रखते है परन्तु बेरोजगार है।
- देश में औद्योगिक बेरोजगारी में वृद्धि के कारणों में औद्योगीकरण की धीमी प्रक्रिया तथा अनुपयुक्त तकनीकी का प्रयोग शामिल है।

शिक्षित बेरोजगारी (Educated Unemployment):

पढ़े-लिखे लोगों द्वारा रोजगार न प्राप्त कर पाना शिक्षित बेरोजगारी कहलाती है। भारत में शिक्षित वर्ग में रोजगारी की समस्या अत्यधिक गंभीर है।

इसका मुख्य कारण है।

- देश में शिक्षण संस्थाओं जैसे- विश्वविद्यालय, कॉलेजों, स्कूलों आदि की संख्या में वृद्धि होने के कारण शिक्षित लोगों की संख्या में वृद्धि होना ।
- भारत में शिक्षा प्रणाली रोजगारपरक नहीं बल्कि उपाधिपरक है अर्थात् भारत में शिक्षा व्यवस्था दोषपूर्ण है।

ग्रामीण बेरोजगारी (Rural Unemployment)

प्रच्छन / अदृश्य बेरोजगारी (Disguised unemployment) :

जब किसी काम में जरूरत से ज्यादा व्यक्ति शामिल रहते हैं जबकि उतने लोगों की जरूरत नहीं होती है, तो यह स्थिति प्रच्छन्न बेरोजगारी कहलाती है।

- इसमें सीमांत उत्पादकता शून्य या ऋणात्मक होती है।
- यह जनसंख्या के अधिक दवाव और रोजगार के वैकल्पिक अवसरों की कमी के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में बनी रहती है।
- इसे पूंजी निर्माण, गैर-कृषि गतिविधियों के विकास के द्वारा किया जाता है इस बेरोजगारी का माप संभव नहीं है।

मौसमी बेरोजगारी (Seasonal Unemployment) :

एक वर्ष के किसी मौसम या कुछ महीनों के लिए किसी व्यक्ति को रोजगार मिलना तथा शेष महीनों या मौसम में कार्य नहीं मिलना मौसमी बेरोजगारी कहलाती है।

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

बेरोजगारी के अन्य प्रकार (Other types of unemployment)

पूर्ण बेरोजगारी तथा अर्द्ध बेरोजगारी

- यदि किसी व्यक्ति के पास 35 कार्य दिवस से भी कम दिनों का रोजगार हो तो वार्षिक स्तर पर उसे पूर्ण बेरोजगार माना जाता है।
- यदि उसके कार्य दिवस 35 से ज्यादा एवं 135 दिनों से कम हो तो उसे अर्द्ध बेरोजगार माना जायेगा।
- 135 दिनों से अधिक के रोजगार की स्थिति में उसे पूर्ण रोजगार माना जाता है।

संरचनात्मक बेरोजगारी (Structured Unemployment)

- यह एक दीर्घकालीन समस्या है। यदि देश की उत्पादक संस्थाओं की संख्या में कमी, तकनीकी परिवर्तन आदि के कारण रोजगार के अवसर सीमित हो जाते हैं तो श्रमशक्ति का एक बड़ा वर्ग बेरोजगार हो जाता है। तो इस प्रकार की समस्या को संरचनात्मक बेरोजगारी कहते हैं। यह अल्पविकसित एवं विकासशील देशों में पायी जाती है।
- यह आपूर्ति पक्ष में कमी एवं विसंगति के कारण उत्पन्न होता है।
- आधारभूत संरचनाओं के विकास, बचत, निवेश, कौशल विकास आदि पर ध्यान केन्द्रित कर इसे दीर्घकाल में कम किया जा सकता है।

खुली बेरोजगारी (Open Unemployment)

खुली बेरोजगारी उस स्थिति को कहते हैं जिसमें यद्यपि श्रमिक काम करने के लिए उत्सुक हैं और उसमें काम करने की आवश्यक योग्यता भी है तथापि उसे काम प्राप्त नहीं होता। वह पूरा समय बेकार रहता है।

चक्रीय बेरोजगारी (Cyclic Unemployment)

- यह बेरोजगारी अल्पकालिक होती है। वैश्विक स्तर पर विकसित देशों में चक्रीय बेरोजगारी अधिक देखने को मिलती है। यह बेरोजगारी अर्थव्यवस्था में चक्रीय उतार-चढ़ावों के कारण उत्पन होती है।
- यह पूंजीवारी देशों में मांग की कमी के कारण उत्पन्न होती है।
- इसे मौद्रिक एवं राजकोषीय नीति द्वारा आसानी से पूरा किया जा सकता है

ऐच्छिक बेरोजगारी (voluntary unemployment)

जब लोग स्वयं अपनी इच्छा से कार्य नहीं करना चाहते हैं तो इस प्रकार की बेरोजगारी को ऐच्छिक बेरोजगारी करते हैं।

अनैच्छिक बेरोजगारी (Involuntary unemployment)

जब कोई व्यक्ति प्रचलित दर पर कार्य करने की इच्छा रखता हो किन्तु कार्य को उपलब्धता न हो तो उस स्थिति को अनैच्छिक बेरोजगारी कहा जाता है।

घर्षणात्मक बेरोजगारी (Frictional Unemployment)

बाजार में वस्तुओं की मांग एवं पूर्ति में परिवर्तन आने से घर्षणात्मक बेरोजगारी उत्पन्न होती है जैसे कि द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के पश्चात् हुआ था। भारत में बेरोजगारी का अनुमान लगाने की विधि।

भारत में बेरोजगारी मापने की निम्नलिखित तीन विधियों का प्रयोग किया जाता है

1. सामान्य स्थिति बेरोजगारी (UPSS)
2. चालू साप्ताहिक स्थिति बेरोजगारी (cws)
3. चालू दैनिक स्थिति बेरोजगारी (CDS)

1. सामान्य स्थिति बेरोजगारी

इससे पूरे वर्षभर की स्थिति का पता लगाया जाता है। इसके लिए रोजगार के दिनों तथा बेरोजगारी के दिनों की आपस में तुलना की जाती है। यदि एक वर्ष में रोजगार के दिनों की संख्या बेरोजगारी के दिनों से अधिक पायी जाती है तो उस व्यक्ति को स्थिति रोजगार की मानी जाएगी। इसके विपरीत स्थिति को बेरोजगार माना जाएगा। खुली बेरोजगारी का पता लगाने के लिए इसका प्रयोग किया जाता है।

2. चालू साप्ताहिक स्थिति बेरोजगारी (Current Weekly Unemployment)

इस विधि के अनुसार, यदि किसी व्यक्ति को संदर्भ सप्ताह में एक घंटे का भी रोजगार नहीं मिलता है तो उसे बेरोजगार माना जाता है।

3. चालू दैनिक स्थिति बेरोजगारी (Current Daily unemployment)

इसमें संदर्भ सप्ताह के स्थान पर प्रतिदिन की स्थिति को देख जाता है। यदि संबंधित व्यक्ति को संदर्भ सप्ताह में 1 घंटे से अधिक और चार घंटे से कम का रोजगार मिलता है, तो यह आधे दिन का तथा चार घण्टे अथवा अधिक का रोजगार मिलता है तो एक दिन का रोजगार माना जाता है। यह प्रक्रिया सप्ताह के सभी दिनों पर लागू की जाती है और बेरोजगारी के दिन निकाल लि जाते है। यह एक समय दर (Time Rate) है और तुलनात्मक रूप से श्रेष्ठ मानी जाती है।

- **भारत में बेरोजगारी के कारण**
- जनसंख्या में तीव्र वृद्धि
- दोषपूर्ण शिक्षा प्रणाली
- भारतीय कृषि का पिछड़ापन
- स्वरोजगार की इच्छा का अभाव
- बचत एवं निवेश का निम्न स्तर
- लघु एवं कुटीर उद्योग का ह्रास
- श्रमिकों में गतिशीलता का अभाव

क्यों बढ़ रही है बेरोजगारी ?

भारत ने स्वतंत्रता के बाद से 90 के दशक तक कृषि क्षेत्र पर ध्यान दिया ताकि देश की विशाल आबादी की खाद्य जरूरतों को पूरा किया जा सके। 1990 में उदारीकरण के

इसलिये ऐसा लगता है कि महामारी ने देश में रोज़गार भागीदारी में पहले से ही व्याप्त लैंगिक असंतुलन को बढ़ा दिया है।

भारत में महिला रोज़गार में कमी आई है, विशेष रूप से कोविड-19 महामारी के परिणामस्वरूप स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में।

- **गरीबी**

परिभाषा: -

- गरीबी को एक ऐसी परिस्थिति के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जिसमे कोई व्यक्ति अथवा परिवार वित्तीय संसाधनों की अनुपलब्धता के कारण अपने जीवन निर्वाह के लिये बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने में असमर्थ होता है।
- अर्थशास्त्रियों और नीति निर्माताओं द्वारा उपभोग पर होने वाले व्यय के 'गरीबी रेखा' (Poverty Line) से नीचे चले जाने की स्थिति को पूर्ण गरीबी के रूप में परिभाषित किया जाता है।
- समाजशास्त्री हेनरी बर्नस्टीन ने निर्धनता के चार आयाम बताए हैं-

(i) जीविका रणनीतियों का अभाव।

(ii) संसाधनों (जैसे-धन, भूमि आदि) की अनुपलब्धता।

(iii) असुरक्षा की भावना।

(iv) संसाधनों के अभाव के कारण सामाजिक संबंध रखने और विकसित करने की अक्षमता।

NOTE- खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) प्रथम महानिदेशक जॉन बॉयड ने पहली बार वर्ष 1995 में गरीबी रेखा का विचार प्रस्तुत किया । जॉन बॉयड ऑर के अनुसार- 2300 कैलोरी से कम का सेवन करने वाला व्यक्ति गरीब होता है ।

NOTE- विश्व बैंक के अनुसार में गरीबी रेखा 1.94 डॉलर प्रतिदिन निर्धारित किया है ।

गरीबी का मापन

सामान्यत गरीबी मापने की दो विधियाँ है- (i) सापेक्ष गरीबी (ii) निरपेक्ष गरीबी

(i) सापेक्ष गरीबी -

- सापेक्ष गरीबी यह स्पष्ट करती है कि विभिन्न आय वर्गों के मध्य कितनी असमानता है ।
- यह गुणात्मक अवधारणा है ।
- विकसित देशों में गरीबी मापन हेतु सापेक्ष गरीबी को ही आधार लिया जाता है ।
- इसके निर्धारण के लिए लोरेन्ज वक्र विधि तथा गिन्नी गुणाक का प्रयोग किया जाता है।

(ii) निरपेक्ष गरीबी –

- जब जीवन निर्वाह हेतु न्यूनतम उपभोग व्यय या न्यूनतम आवश्यक पोषण का एक मानक स्तर तय कर दिया जाता है तथा उस स्तर को गरीबी रेखा कहा जाता है ।
- भारत मे गरीबी का मापन इसी विधि से होता है।
- इसे Head Count Method भी कहते हैं ।
- यह मात्रात्मक अवधारणा है ।
- यह सर्वाधिक लोकप्रिय तथा सरल विधि है ।
- अल्पविकसित तथा विकासशील देशों में इसी विधि का उपयोग लिया जाता है ।
- इसमें गरीबी की गहनता तथा आय की असमानता का मापन नहीं किया जाता ।

लॉरेंज वक्र:

इसका प्रतिपादक वर्ष 1905 में लॉरेंज ने किया था। इस वक्र के माध्यम से आय तथा जनसंख्या के मध्य संबंध व्यक्त किया जाता है । इस वक्र की 45 डिग्री की रेखा को आदर्श रेखा कहते है । आदर्श रेखा आय की पूर्ण समानता को दर्शाती है ।



- **आदर्श समता रेखा** उदाहरण - 10% लोगों के पास 10% धन , 90% लोगों के पास 90% धन वास्तविक रेखा , आदर्श रेखा के जितनी निकट होती है आय की समानता उतनी ही अधिक होती है । वास्तविक रेखा , आदर्श रेखा के जितनी दूर होगी आय की असमानता उतनी ही अधिक होती है ।
- यदि आर्थिक संवृद्धि के साथ – साथ लॉरेंज वक्र कि ढाल ऊंची होती जाए तो ऐसी आर्थिक प्रगति को समावेशी आर्थिक समृद्धि कहते है।
- यदि आर्थिक संवृद्धि के साथ – साथ लॉरेंज वक्र कि ढाल काम होती जाए तो ऐसी आर्थिक परिवर्तन को गैर समावेशी आर्थिक संवृद्धि कहते है।

लॉरेंज सारणी:

(समय समय पर BPL रेखा का समायोजन करना चाहिए)

राष्ट्रीय आय मे / अंशभागिता आय वर्ग		**राष्ट्रीय आय मे अंशभागिता**	
		स्वतंत्र	**संचयी**
HIG 20%		46.1%	100.0%
M	UMIG 20%	19.2%	53.9%
I	MMIG 20%	15.0%	34.7%
G	LMIG 20%	11.6%	19.7%

LIG 20%	8.1%	8.1%



वर्ष 2000 -07 का आंकड़ा

(i) यदि पुराने रेखा के आपेक्ष नए लॉरेंज का वक्र नीचे हो गई है तो गरीबों का अंशदान और बंट गया है। अतः गरीबों मे वृद्धि हुई।

(ii) यदि लॉरेंज वक्र का अंतराल आदर्श आय वितरण रेखा से बढ़ता है तो विषमता बढ़ता है।

(iii) Bricks देशों में

I– आर्थिक विषमता काम है।

S– अधिक विषमता है।

- यदि आर्थिक संवृद्धि के साथ – साथ लॉरेंज वक्र कि ढाल ऊँची होती जाए तो ऐसी आर्थिक प्रगति को समावेशी आर्थिक समृद्धि कहते है।
- यदि आर्थिक संवृद्धि के साथ – साथ लॉरेंज वक्र कि ढाल काम होती जाए तो ऐसी आर्थिक परिवर्तन को गैर समावेशी आर्थिक संवृद्धि कहते है।
  भारत में 2006-07 से 2011-12 (11 वीं FYP) में गैर-आर्थिक समृद्धि दिखती है।
- More Rapid More inclusive and development Growth (12 FYP का शीर्षक)
- Inclusive Growth (11 FYP का शीर्षक)

गिनी गुणांक-

- इसका प्रतिपादन कोराडो गिनी ने वर्ष 1912 में किया ।
- यह लॉरेंज वक्र का गणितिय रूप है ।
- गिनी गुणांक का माप 0 से 1 के मध्य होता है
- 0- आय की पूर्ण समानता तथा 1- आय की पूर्ण असमानता को दर्शाता है ।

भारत में गरीबी का आकलन: -

भारत में गरीबी का आकलन निरपेक्ष विधि से किया जाता है । भारत की स्वतंत्रता के बाद से अब तक देश में गरीबी में रह रहे लोगों की संख्या के अनुमान के लिये 6 आधिकारिक समिति का गठन किया जा चुका है।

1. योजना आयोग कार्य समूह (वर्ष 1962)
2. वी एम दांडेकर और एन रथ (वर्ष 1971)
3. अलघ समिति (वर्ष 1977)
4. लकड़ावाला समिति (वर्ष 1989)
5. तेंदुलकर समिति (वर्ष 2005)
6. रंगराजन समिति (वर्ष 2012)

गरीबी का आंकलन: -

CEPA CES अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व के विषयों पर एक समान नीतिगत राय: - - सुरक्षा परिषद् का पुनर्गठन। - TC की व्यापारिक व्यवस्था में बढ़ते संरक्षणवाद पर रोक। - मौसम परिवर्तन के विषय पर।	आधुनिक भारत में गरीबी का पहला आंकलन दादाभाई नौरोजी द्वारा लिखित 'Poverty and Un-Britished' Rule पुस्तक में पेश किया गया। उन्होंने बताया कि उस समय भारतीयों की औसत वार्षिक आय 20 रु. थी। 80% से ज्यादा नागरिक गरीबी की दलदल में फसे थे। इस आंकलन को वैज्ञानिक स्वरूप नहीं माना जाता है। क्योंकि वस्तुनिष्ठ रूप पर आँकड़ों पर आधारित नहीं था, बल्कि अनुमान पर आधारित था। भारत में पहला वैज्ञानिक आंकलन 1971 में दांडेकर एवं रथ नामक दो विद्वानों ने प्रकाशित किया। उनके आंकलन के अनुसार लगभग 35% जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे थी। अधिकारिक रूप से अर्थात् सरकारी विभाग द्वारा गरीबी का पहला आंकलन वर्ष 1973 - 1974 में तैयार किया गया। लगभग 55% नागरिक गरीब पाए गए। जिनकी संख्या लगभग 10 करोड़ थी। तब से प्रति 5 वर्ष पर गरीबी का आंकलन किया जाता है।

1. 1979-74 → 32 करोड़।
2. 1979-79 → गरीबी बढ़ गयी।
3. 1983-84 → गरीबी घटी।
4. 198-94 → बढ़ गयी। (32 करोड़)
5. 1999-2000 → भारी रूप से गिरावट। (26 करोड़)

- गरीबों की संख्या शहरों में भी गिरी।
- गाँव में भी गरीबी गिरी।

शुभारंभ किया और हमारे वैज्ञानिकों को इसका श्रेय देते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। हम सभी वैज्ञानिकों की ताकत और कड़ी मेहनत के लिए शुक्रगुजार हैं।' उन्होंने कहा कि भारत के पास इस समय दो वैक्सीन उपलब्ध हैं और अपने देशवासियों को ही नहीं बल्कि 100 से अधिक देशों के लोगों को भी कोविड-19 से सुरक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा, 'शीघ्र ही हमारे देश को दो या इससे अधिक वैक्सीन और मिलने की संभावना है।'

2021-22 के बजट पूर्वानुमान में कोविड-19 वैक्सीन के लिए 35,000 करोड़ रुपये का प्रस्ताव। वित्त मंत्री ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो और अधिक धन उपलब्ध कराने का वादा।

वित्त मंत्री अपने बजट भाषण के दौरान बताया कि इसके अलावा भारत में निर्मित निमोनिया संबंधी वैक्सीन अभी केवल पांच राज्यों तक सीमित है, लेकिन जल्द ही इसे पूरे देश में उपलब्ध कराई जाएगी। इससे हर वर्ष देश में 50,000 बच्चों की मौत को रोकने में मदद करेगा।

राष्ट्रीय नर्सिंग और मिडवायफरी आयोग विधेयक

वित्त मंत्री ने कहा कि संसद में स्वास्थ्य सेवा से सम्बद्ध कर्मियों के लिए राष्ट्रीय आयोग विधेयक प्रस्तुत किया जा चुका है। इससे 56 स्वास्थ्य सेवा से सम्बद्ध व्यवसायों में पादर्शिता और उचित नियामक सुनिश्चित किया जा सकेंगी। उन्होंने राष्ट्रीय नर्सिंग और मिडवायफरी आयोग विधेयक पारित कराने के लिए संसद में सरकार द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इससे नर्सिंग व्यवसाय में पारदर्शिता और प्रशासनिक सुधार सुनिश्चित होंगे।

नई शिक्षा नीति, 2020

प्रिय छात्रों, हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लाई गई जिसे सभी के परामर्श से तैयार किया गया है। 1986 की शिक्षा नीति में कमियाँ दूर करने के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा निति को लाने की आवश्यकता पड़ी।

नई शिक्षा नीति 2020 की घोषणा के साथ ही मानव संसाधन मंत्रालय का नाम बदलकर शिक्षा मंत्रालय कर दिया गया है। इस नीति द्वारा देश में स्कूल एवं उच्च शिक्षा में परिवर्तनकारी सुधारों की अपेक्षा की गई है। इसके उद्देश्यों के तहत्त वर्ष 2030 तक स्कूली शिक्षा में 100% GER के साथ-साथ पूर्व-विद्यालय से माध्यमिक स्तर तक शिक्षा के सार्वभौमिकरण का लक्ष्य रखा गया है।

महत्त्वपूर्ण तथ्य

- अंतिम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में बनाई गई थी, जिसमें वर्ष 1992 में संशोधन किया गया था।
- वर्तमान नीति अंतरिक्ष वैज्ञानिक के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट पर आधारित है।
- नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के तहत्त वर्ष 2030 तक सकल नामांकन अनुपात (Gross Enrolments Ratio-GER) को 100% लाने का लक्ष्य रखा गया है।
- नई शिक्षा नीति के अंतर्गत केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से शिक्षा क्षेत्र पर जीडीपी के 6% हिस्से के सार्वजनिक व्यय का लक्ष्य रखा गया है।
- नई शिक्षा नीति की घोषणा के साथ ही मानव संसाधन प्रबंधन मंत्रालय का नाम परिवर्तित कर शिक्षा मंत्रालय कर दिया गया है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रमुख बिंदु

स्कूली शिक्षा संबंधी प्रावधान

- नई शिक्षा नीति में 5 + 3 + 3 + 4 डिज़ाइन वाले शैक्षणिक संरचना का प्रस्ताव किया गया है जो 3 से 18 वर्ष की आयु वाले बच्चों को शामिल करता है।
  - पाँच वर्ष की फाउंडेशनल स्टेज (Foundational Stage) - 3 साल का प्री-प्राइमरी स्कूल और ग्रेड 1, 2
  - तीन वर्ष का प्रीपेट्रेरी स्टेज (Prepatratory Stage)
  - तीन वर्ष का मध्य (या उच्च प्राथमिक) चरण - ग्रेड 6, 7, 8 और
  - 4 वर्ष का उच (या माध्यमिक) चरण - ग्रेड 9, 10, 11, 12
- NEP 2020 के तहत HHRO द्वारा 'बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान पर एक राष्ट्रीय मिशन' (National Mission on Foundational Literacy and Numeracy) की स्थापना का प्रस्ताव किया गया है। इसके द्वारा वर्ष 2025 तक कक्षा-3 स्तर तक के बच्चों के लिये आधारभूत कौशल सुनिश्चित किया जाएगा।

भाषायी विविधता का संरक्षण

- NEP-2020 में कक्षा-5 तक की शिक्षा में मातृभाषा/स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा को अध्ययन के माध्यम के रूप में अपनाने पर बल दिया गया है। साथ ही इस नीति में मातृभाषा को कक्षा-8 और आगे की शिक्षा के लिये प्राथमिकता देने का सुझाव दिया गया है।
- स्कूली और उच्च शिक्षा में छात्रों के लिए संस्कृत और अन्य प्राचीन भारतीय भाषाओं का विकल्प उपलब्ध होगा परंतु किसी भी छात्र पर भाषा के चुनाव की कोई बाध्यता नहीं होगी।

शारीरिक शिक्षा

- विद्यालयों में सभी स्तरों पर छात्रों को बागवानी, नियमित रूप से खेल-कूद, योग, नृत्य, मार्शल आर्ट को स्थानीय उपलब्धता के अनुसार प्रदान करने की कोशिश की जाएगी ताकि बच्चे शारीरिक गतिविधियों एवं व्यायाम वगैरह में भाग ले सकें।

पाठ्यक्रम और मूल्यांकन संबंधी सुधार

- इस नीति में प्रस्तावित सुधारों के अनुसार, कला और विज्ञान, व्यावसायिक तथा शैक्षणिक विषयों एवं पाठ्यक्रम व पाठ्योतर गतिविधियों के बीच बहुत अधिक अंतर नहीं होगा।

INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO

- कक्षा-6 से ही शैक्षिक पाठ्यक्रम में व्यावसायिक शिक्षा को शामिल कर दिया जाएगा और इसमें इंटर्नशिप (Internship) की व्यवस्था भी की जाएगी।
- 'राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्' (National Council of Educational Research and Training- NCERT) द्वारा 'स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा' (National Curricular Framework for School Education) तैयार की जाएगी।
- छात्रों के समग्र विकास के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा-10 और कक्षा-12 की परीक्षाओं में बदलाव किया जाएगा। इसमें भविष्य में समेस्टर या बहुविकल्पीय प्रश्न आदि जैसे सुधारों को शामिल किया जा सकता है।
- छात्रों की प्रगति के मूल्यांकन के लिये मानक-निर्धारिक निकाय के रूप में 'परख' (PARAKH) नामक एक नए 'राष्ट्रीय आंकलन केंद्र' (National Assessment Centre) की स्थापना की जाएगी।
- छात्रों की प्रगति के मूल्यांकन तथा छात्रों को अपने भविष्य से जुड़े निर्णय लेने में सहायता प्रदान करने के लिये 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता' (Artificial Intelligence- AI) आधारित सॉफ्टवेयर का प्रयोग।

शिक्षण व्यवस्था से संबंधित सुधार

- शिक्षकों की नियुक्ति में प्रभावी और पारदर्शी प्रक्रिया का पालन तथा समय-समय पर किये गए कार्य-प्रदर्शन आंकलन के आधार पर पदोन्नति।
- राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा वर्ष 2022 तक 'शिक्षकों के लिये राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक' (National Professional Standards for Teachers- NPST) का विकास किया जाएगा।
- राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा NCERT के परामर्श के आधार पर 'अध्यापक शिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा' [National Curriculum Framework for Teacher Education-NCFTE) का विकास किया जाएगा।
- वर्ष 2030 तक अध्यापन के लिए न्यूनतम डिग्री योग्यता 4-वर्षीय एकीकृत बी.एड. डिग्री का होना अनिवार्य किया जाएगा।

उच्च शिक्षा से संबंधित प्रावधान

- NEP-2020 के तहत् उच्च शिक्षण संस्थानों में 'सकल नामांकन अनुपात' (Gross Enrolment Ratio) को 26.3% (वर्ष 2018) से बढ़ाकर 50% तक करने का लक्ष्य रखा गया है, इसके साथ ही देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में 3.5 करोड़ नई सीटों को जोड़ा जाएगा।
- NEP-2020 के तहत् स्नातक पाठ्यक्रम में मल्टीपल एंट्री एंड एग्ज़िट व्यवस्था को अपनाया गया है, इसके तहत 3 या 4 वर्ष के स्नातक कार्यक्रम में छात्र कई स्तरों पर पाठ्यक्रम को छोड़ सकेंगे और उन्हें उसी के अनुरूप डिग्री या प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा (1 वर्ष के बाद प्रमाण-पत्र, 2 वर्षों के बाद एडवांस डिप्लोमा, 3 वर्षों के बाद स्नातक की डिग्री तथा 4 वर्षों के बाद शोध के साथ स्नातक)।
- विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों से प्राप्त अंकों या क्रेडिट को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने के लिये एक 'एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट' (Academic Bank of Credit) दिया जाएगा, ताकि अलग-अलग संस्थानों में छात्रों के प्रदर्शन के आधार पर उन्हें डिग्री प्रदान की जा सके।
- नई शिक्षा नीति के तहत एम.फिल. (M.Phil) कार्यक्रम को समाप्त कर दिया गया।

भारतीय उच्च शिक्षा आयोग

नई शिक्षा नीति (NEP) में देश भर के उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए एक एकल नियामक अर्थात् भारतीय उच्च शिक्षा परिषद् (Higher Education Commision of India-HECI) की परिकल्पना की गई है जिसमें विभिन्न भूमिकाओं को पूरा करने हेतु कई कार्य क्षेत्र होंगे। भारतीय उच्च शिक्षा आयोग चिकित्सा एवं कानूनी शिक्षा को छोड़कर पूरे उच्च शिक्षा क्षेत्र के लिए एक एकल निकाय (Single Umbrella Body) के रूप में कार्य करेगा।

HECI के कार्यों के प्रभावी निष्पादन हेतु चार निकाय-

- **राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा नियामकीय परिषद् (National Higher Education Regulatroy Council-NHERC)** : यह शिक्षक शिक्षा सहित उच्च शिक्षा क्षेत्र के लिए एक नियामक का कार्य करेगा।
- **सामान्य शिक्षा परिषद् (General Education Council - GEC)** : यह उच्च शिक्षा कार्यक्रमों के लिये अपेक्षित सीखने के परिणामों का ढाँचा तैयार करेगा अर्थात् उनके मानक निर्धारण का कार्य करेगा।
- **राष्ट्रीय प्रत्यायन परिषद् (National Accreditation Council - NAC)** : यह संस्थानों के प्रत्यायन का कार्य करेगा जो मुख्य रूप से बुनियादी मानदंडों, सार्वजनिक स्व-प्रकटीकरण, सुशासन और परिणामों पर आधारित होगा।
- **उच्चतर शिक्षा अनुदान परिषद् (Higher Education Grants Council - HGFC)** : यह निकाय कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों के लिये वित्तपोषण का कार्य करेगा।

नोट: वर्तमान में उच्च शिक्षा निकायों का विनियमन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (एनसीटीई) जैसे निकायों के माध्यम से किया जाता है।

- देश में आईआईटी (IIT) और आईआईएम (IIM) के समकक्ष वैश्विक मानकों के 'बहुविषयक शिक्षा एवं अनुसंधान विश्वविद्यालय' (Multidisciplinary Education and Reserach Universities - MERU) की स्थापना की जाएगी।

विकलांग बच्चों हेतु प्रावधान

- इस नई नीति में विकलांग बच्चों के लिये क्रास विकलांगता प्रशिक्षण, संसाधन केंद्र, आवास, सहायक उपकरण, उपर्युक्त

- वर्ष 1930 में केन्द्रीय बैंकिंग जाँच समिति की सिफारिश के आधार पर भारत के केन्द्रीय बैंक के रूप में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (R.B.I.) की स्थापना RBI अधिनियम, 1934 के तहत् I अप्रैल , 1935 को 5 करोड़ रुपये की अधिकृत पूँजी से हुई थी।
- 1 जनवरी, 1949 को भारतीय रिजर्व बैंक का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया । इसके प्रथम गवर्नर सर ओसबोर्न स्मिथ (1935-37) थे ।
- देश के स्वतंत्रता के समय में RBI के गर्वनर सर सी डी . देशमुख (1943-49) थे ।
- रिजर्व बैंक के कार्यों का संचालन केन्द्रीय संचालक मण्डल (Central Borad of Directors) द्वारा होता है।
- सम्पूर्ण देश में इसे चार भागों में बाँटा गया है - उत्तरी क्षेत्र , दक्षिणी क्षेत्र , पूर्वी क्षेत्र तथा पश्चिमी क्षेत्र ।
- इसमें प्रत्येक के लिए 5 सदस्यों का एक स्थानीय बोर्ड (Local board) होता है ।
- केन्द्रीय बोर्ड में 1 गवर्नर तथा अधिक से अधिक 4 डिप्टी गवर्नर होते हैं , जिनकी नियुक्ति केन्द्र सरकार पाँच वर्षों के लिए करती है ।
- वर्तमान में RBI के 25वें गवर्नर शक्तिकांत दास (12 दिसम्बर, 2018 से लगातार)है।
- स्थानीय बोर्डों के कार्यालय नई दिल्ली , चेन्नई , कोलकाता और मुम्बई में है ।
- स्थानीय बोर्ड केन्द्रीय बोर्ड के आदेशानुसार कार्य करते हैं ।
- रिजर्व बैंक का प्रधान अथवा केन्द्रीय कार्यालय मुम्बई में स्थित है ।
- नई दिल्ली , कोलकाता तथा चेन्नई में स्थानीय प्रधान कार्यालय है

RBI के कार्य

<u>भारत में नए नोट जारी करने की व्यवस्था</u>

- एक रुपये के नोट का सभी सिक्कों को छोड़कर रिजर्व बैंक को विभिन्न मूल्य वर्ग के नोटों को जारी करने का एकाधिकारक प्राप्त है ।
- रिजर्व बैंक सरकार के प्रतिनिधि के रूप में एक रुपए के नोटों तथा सिक्कों एवं छोटे सिक्कों का देशे में वितरण का कार्य करता है ।
- करेन्सी नोट जारी करने के लिए वर्तमान में रिजर्व बैंक नोट प्रचालन की न्यूनतम निधि पद्धति (Minimum Reserve System) को अपनाता है । इस पद्धति के अंतर्गत रिजर्व बैंक के पास स्वर्ण एवं विदेशी ऋणपत्र कुल मिलाकर किसी भी समय 200 करोड़ रुपये के मूल्य से कम नहीं होने चाहिए। इनमें स्वर्ण का मूल्य (धातु तथा मुद्रा मिलाकर) 115 करोड़ रुपए से कम नहीं होना चाहिए। यह पद्धति रिजर्व बैंक ने 1957 के बाद अपनाई थी ।

> - **NOTE**-नए नोट छापने की एक अन्य व्यवस्था भी हैं परन्तु इसका प्रयोग भारत में नहीं होता यह व्यवस्था अनुपाती आरसी व्यवस्था है (Prahetional Resere system) इसके अन्तर्गत जिस अनुपात में नए नोट का मूल्य बढ़ता हैं उसी अनुपात में रखे गए कोष को बढाना पड़ता हैं
> - **NOTE** – 1000 रुपये के नोटों का परिचालन 8 नवम्बर, 2016 से बंद हो गया है।

NOTE- सिक्के सीमित विधि ग्राह्य (Limited Legal Tender) है। भारत में कागजी नोट असीमित विधि ग्राह्य (Unlimited Le gal Tender) है । इसका अर्थ यह है कि भुगतान का निपटारा करने के लिए सिक्कों का प्रयोग केवल एक सीमा तक ही किया जा सकता है । इसके विपरीत , कागजी नोटों के रूप में भुगतानों का निपटारा करने हेतु उनका प्रयोग असीमित मात्रा में किया जा सकता है ।

<u>सिक्कों का उत्पादन</u>

- सिक्कों का उत्पादन करने तथा सोने और चाँदी की परख करने एवं तमगों का उत्पादन करने के लिए भारत सरकार की पाँच टकसालें मुम्बई , अलीपुर (कोलकाता) , सैफाबाद (हैदराबाद) , चेर्लापिल्ली (हैराबाद) तथा नोएडा में स्थित है।
- टकसालों में सिक्कों के अलावा विभिन्न प्रकार के पदकों (मेडल) का भी उत्पादन किया जाता है ।
- **NOTE**- 25 पैसे तथा इससे कम मूल्य के सभी सिक्कों का परिचालन जुलाई, 2011 से बंद हो गया है । अर्थात देश में अब 50 पैसे का सिक्का सबसे कम मूल्य की विधिग्राह्य मुद्रा है ।

1. इण्डिया सिक्योरिटी प्रेस ,नासिक (महाराष्ट्र)-

- भारत प्रतिभूति में डाक सम्बन्धी लेखन सामग्री , डाक एवं डाक - भिन्न टिकटों , अदालती एवं गैर - अदालती स्टाम्पों , बैंकों (RBI तथा SBI) के चेकों , बॉण्डों , राष्ट्रीय बचत पत्रों आदि के अलावा राज्य सरकारों , सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों , वित्तीय निगमों आदि के प्रतिभूति पत्रों की छपाई की जाती है ।

2. सिक्योरिटी प्रिन्टिंग प्रेस , हैदराबाद

- सिक्योरिटी प्रिन्टिंग प्रेस हैदराबाद की स्थापना दक्षिण राज्यों की डाक लेखन सामग्री की मांगों को पूरा करने के लिए की गई तथा यहाँ पूरे देश की केन्द्रीय उत्पाद शुल्क स्टाम्प की छपाई भी होती है।

3. करेन्सी नोट प्रेस , नासिक (महाराष्ट्र)

- नोट प्रेस 1 , 2 , 5 , 10 , 50 , 100 , 500 तथा 2000 रुपये के बैंक नोट छापती है और उनकी पूर्ति करती है ।

4. बैंक नोट प्रेस , देवास (मध्य प्रदेश)

- देवास स्थित बैंक नोट प्रेस 20 , 50 , 100 , 500 और 2000 रुपये के उच्च मूल्य वर्ग के नोट छापती है ।
- बैंक नोट प्रेस का स्याही का कारखाना प्रतिभूति पत्रों की स्याही का निर्माण करता है ।

5. साल्वोनी (पं . बंगाल) तथा मैसूर (कर्नाटक) के भारतीय रिजर्व बैंक ने दो नयी एवं अत्याधुनिक करेन्सी

नोट प्रेस स्थापित की गयी है। यहाँ भारतीय रिज़र्व बैंक के नियन्त्रण में करेन्सी नोट छापे जाते हैं ।

6. **सिक्योरिटी पेपर मिल,होशंगाबाद (मध्य प्रदेश)**

बैंक और करेन्सी नोट कागज तथा गैर - ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर की छपाई में प्रयोग होने वाले कागज का उत्पादन करने के लिए सिक्योरिटी पेपर मिल होशंगाबाद में 1967-68 में चालू की गई थी ।

सरकार के बैंकर का कार्य करना

➢ सरकारी बैंकर के रूप में यह निम्नलिखित कार्य सम्पन्न करता है-

(i) भारत सरकार तथा राज्य सरकारों की ओर से धन प्राप्त करना और इनके आदेशानुसार इनका भुगतान करना ।

(ii) भारत सरकार तथा राज्य सरकारों की ओर से जनता से ऋण प्राप्त करना ।

(iii) सरकारी कोषों का स्थानान्तरण करना ।

(iv) भारत सरकार एवं राज्य सरकारों के लिए विदेशी विनिमय का प्रबन्ध करना ।

(v) भारत सरकार एवं राज्य सरकारों को आर्थिक सलाह देना ।

